**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार के लिये निर्धारित डॉ.लालजी प्रसाद निर्मल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 11 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी, कानपुर के पत्र संख्या-डी-1230/स्व0/एन0एस0ए0/24-25 दिनांक 31.01.2025 द्वारा कानपुर नगर में रात्रिकालीन सफाई रात्रि 11:00 बजे से रात्रि 02:00 बजे तक कराने के आदेश निर्गत किये गये थे ? | जी हाँ। |
| (ख) क्या उक्त अधिकारी द्वारा पुनः अपने पत्र सं0-डी-1260स्व0/एन0एस0ए0/24-25 दिनांक 07.02.2025 द्वारा रात्रि 08:00 बजे से 12:00 बजे तक सफाई कर्मियों से सफाई कराने के निर्देश दिये गये थे ? | जी हाँ। |
| (ग) यदि हॉ, तो मध्य रात्रि में कार्य करने का अप्रासंगिक आदेश किस उच्च अधिकारी के निर्देश पर दिये गये थे ? | कानपुर नगर के मुख्य मार्गो पर यातायात के बढ़े दबाव को ध्यान में रखते हुए नगरीय क्षेत्र में रहने वाली जनता को गुणवत्तापूर्ण जीवन देने, नगरों में उच्च स्तर की स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में कानपुर नगर को बेहतर रेंक प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर के मुख्य मार्गो की रात्रिकालीन सफाई कराये जाने के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आदेश निर्गत किये गये थे। रात्रि में कर्मचारियों को कार्य स्थल पर पहुँचने में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन सफाई के समय में परिवर्तन किया गया। वर्तमान में देर रात्रि सफाई कार्य की व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है। |
| (घ) क्या उक्त आदेश वर्तमान में भी लागू है ? | जी नहीं। |
| (ड़) क्या उक्त आदेश देने वाले अधिकारी के विरूद्व कार्यवाही करायेंगे ? | जी नहीं। |
| (च) क्या पूरे प्रदेश में सफाई कर्मचारियों के लिए एक ही समय सफाई हेतु निर्धारित करने पर विचार करेंगे ? | यह व्यवहारिक नहीं है। |
| (छ) यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ज) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग।**